हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

13 शिक्षिका देव श्री ने कराया न्योता भोज



14 कन्या आश्रम में 8 महीने से चल रही है मरम्मत...





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# देवभोग के सरकारी अस्पताल में दो घंटे के भीतर तीन नवजात की गूंजी किलकारी

## अवकाश के बावजूद बीएमओ ने स्टोर खुलवाकर कराई खून जांच, सभी को टीके लगवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवभोग

■ बेहतर सुविधा बहाल होते ही सरकारी अस्पताल के प्रति बढ़ा रुझान

देवभोग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को सुबह 10:50 से 12:40 के बीच तीन बच्चों ने सामान्य प्रसव प्रकिया के तहत जन्म लिया। जन्म लेने वाले सभी बच्चे और जच्चे स्वास्थ्य है। कई महीनों बाद इस अस्पताल में ऐसा अवसर आया जब एक साथ तीन माताओं का सफल प्रसव कराया गया हो। रविवार अवकाश के बावजूद बीएमओ प्रकाश साहु ने स्टोर और लेब खुलवा कर जच्चा- बच्चा की सभी जरूरी जांच और, जन्म के 24 घंटे भीतर लगाए जाने वाले टिके लगवाए। डॉक्टर प्रकाश ने बताया कि सभी बच्चे पूरी तरह स्वास्थ्य है, वजन भी स्टेंडर्ड मानक के तहत है। शनिवार को भर्ती होने के बाद से अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक डॉक्टर रोशन कंचन, वीसी कृपाल के साथ स्टाफ नर्स तिरोबती तांडी, अनीता साहू, ज्योति सोनी, आरएचओ शिप्रा कांबले के सतत मॉनिटरिंग से समान्य व सफल प्रसव संभव हो सका। बीएमओ प्रकाश साहु अपनी मौजूदगी में समय समय पर रिपोर्ट लेकर जरूरी दिशा निर्देश देते रहे।

**कर रहे बेहतर प्रयास-** सीएमएचओ गार्गी यदु पाल ने कहा कि ग्राउंड लेबल पर कार्यरत अमला के अथक प्रयास से हम जननी शिशु सुरक्षा योजना को और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं।



### योजना को लेकर प्रशासन सक्रिय

जननी शिशु सुरक्षा योजना को लेकर जिला प्रशासन लगातार विभिन्न माध्यमों से मॉनिटरिंग कर रही है।मितानिन से लेकर ग्रामीण स्तर पर पदस्थ स्टाफ को सक्रिय किया गया है, 102 वाहन को अलर्ट मोड पर 24 घंटे रखा जाता है। सीएमएचओ गार्गी यदु इसकी सीधी मॉनिटरिंग कर रहे हैं, सभी स्वस्थ केंद्र में जरूरी सभी सूवधाए बढ़ा दी गई है ताकि शत- प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जा सके। असुरक्षित प्रसव कराने वाले झोला छाप पर निगरानी रखी जा रही है। दलाली करने वाले लोगों को सख्त हिदायत भी दिया गया है। ऐसे में अब प्रसव पीड़ा के दरम्यान पीड़िता को सीधे सरकारी संस्था भर्ती कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### युवा मंच का पौधारोपण व स्वास्थ्य शिविर आज

**अभनपुर।** युवा मंच अभनपुर मंडल के तत्वाधान मे ग्राम आलेखुंटा मे वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं वार्षिक युवा सम्मेलन का आयोजन 15 जुलाई मंगलवार को रखा गया है। युवा मंच अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने बताया कि युवा सम्मेलन मे मुख्य अतिथि वन व जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा अतिविशिष्ट अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू व कई जनप्रतिनिधियो सहित सामाजिक पदाधिकारी शामिल होगे।

### खेती किसानी के कार्यो में आई तेजी



**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लोग अवर्शा की स्थिति से जुझ रहे थे बारिश समय पर नही होने से खेती किसानी का कार्य काफी पिछड गया है, खेत में रोपा लगाने के लिए थर्राह डाल दिये थे लेकिन खेतो में पानी नही होने के कारण चाहकर भी खेती किसानी का कार्य नही कर पा रहे थे, कल शनिवार और आज रविवार को हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे है और किसान खेतों के तरफ हल ▶▶|शेष पेज 12 पर

**सेहत :** क्षेत्र में सर्दी-खांसी, बुखार, टाइफाइड, डायरिया और मलेरिया पीड़ित ज्यादा

# वनांचलों में मरीजों की संख्या बढ़ी मलेरिया से छात्र की मौत, हडकंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के आदिवासी वनांचल मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों सर्दी खासी बुखार, डायरिया, टाईफाईड के साथ मलेरिया के मरीजों की संख्या दिन ब दिन बढती जा रही है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर निजी अस्पताल एवं मेडिकलों में दवा लेने भारी भीड दिख रही है। मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछडी कमार जनजाति के एक छात्र की मौत मलेरिया से होने की जानकारी लगते ही प्रशासनिक अमला में हडकम्प मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाने की बात कही है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम दर्रीपारा निवासी भुवेन्द्र कुमार सोरी पिता पुनित सोरी उम्र 07 वर्ष जो ग्राम रामपारा शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा दूसरी के छात्र है, पिछले तीन चार दिनों से उनके तबियत खराब था बुखार के कारण गांव के मितानिन को बुलाकर परिजनों ने चेक करवाया तो कीट में मलेरिया निकला जिसके बाद परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को फोन कर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईलाज के लिए छात्र भुवेन्द्र कुमार को लाए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी जांच में मलेरिया निकलने पर छात्र के ईलाज अस्पताल में किया जा रहा था और शाम को छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी अपने परिजनों के साथ घर लौट गए ▶▶|शेष पेज 12 पर

### मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम दर्रीपारा का मामला







### कई अन्य भी पीड़ित

वही दूसरी ओर इस गांव के आसपास तथा रामपारा स्कूल में कई बच्चे सर्दी-खांसी व बुखार से पीडित बताए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि तत्काल गांव में शिविर लगाकर मलेरिया एवं बुखार की जांच की किया जाए साथ ही लोगों को दवा उपलब्ध कराया जाए।



### मलेरिया से पीड़ित था छात्र

छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी चार पांच दिनों से मलेरिया बुखार से पीडित था जिसका मैनपुर अस्पताल में उपचार किया जा रहा था, छात्र की निधन की खबर मिली हैं।
**-बृजलाल ध्रुव,** प्रधान पाठक प्राथमिक शाला रामपारा

# हिरण की संदिग्ध मौत वन विभाग गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जंगल में वन्य प्राणियों के संरक्षण को लेकर वन विभाग अब तक गंभीरता नहीं दिखा पाया है। यही वजह है कि शुक्रवार को जंगल छोड़कर पानी की तलाश में या किसी शिकारी की शिकार झूंड से बचकर बिदके नर हिरण लगभग 5 वर्ष का वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चरौदा में 5 बजे पहुंचा था। शिकार की बात इसलिए हो रही कि जोगीडीपा कर्राबाधिन और आसपास के जंगली क्षेत्र से आए दिन हिरण व अन्य वन्य प्राणियों की शिकारी की शिकंजा में आने की चर्चा आम बात हो गई है। शुक्रवार को वन्य प्राणी हिरण भटकते चरौदा पहुंचा। वहां तिहारू यादव के बाड़ी मे पूर्ण स्वस्थ के साथ उछल कूद रहा था। सूचना मिलने पर भी वन विभाग से कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे। दो घंटा बाद जब चेतन सिन्हा के ब्यारा में हिरण थे तो महज कुछ चौकीदार आए जिसको रेस्क्यू करने का कोई प्रशिक्षण नहीं है। लिहाजा उन लोगों की पकड़ने की तौर तरीका से हिरण ब्यारा के कुआं मे गिर गया। ग्रामीणों की सहायता से निकाला गया। तो देखा गया कि हिरण के मूंह, पैर में गंभीर चोटिल थे। रस्सी से जिस तरह हिरण को जकड़े थे, वो बहूत भयभीत थे। घायल हिरण का जब तक उपचार हो पाता तब तक हिरण की मौत हो चुकी थी। शनिवार 11 बजे हिरण वहां से निकल कर गया। इससे कुछ दूर बावाकुपि जंगल में दोपहर 1 बजे हिरण की मौत ने सबको सकते में डाल दिया। वन विभाग ने हिरण का अंतिम संस्कार कर दिया। वन विभाग एसडीओ हिमांशु डोगरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी तरूण तिवारी, चित्रकुमार कंवर से फोन पर बताया कि छुट्टी पर है। वन परिक्षेत्र सहायक अधिकारी मनीष वर्मा ने फोन नहीं उठाया। जानकरों का कहना है कि हिरण की मौत संदेहात्मक है। चरौदा में इसकी हर चर्चा है क्योंकि सभी ने एक दिन पहले पुर्ण स्वस्थ देखा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी फिगेंश्वर चित्र कुमार कंवर ने कहा शुक्रवार को नर हिरण 5 वर्ष को छोटा हाथी से बोरसी नदी नर्सरी मे रात को रखा गया। रात में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे।



■ रखा गया था वन विभाग की देखरेख में

# दो साल से नहीं मिला है आरटीई का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा 2005 में आरटीई शिक्षा का अधिकार कानून लागू किया गया, जिसके तहत 6 से 14 उम्र के बच्चों को शासकीय स्कूल के अलावा निजी स्कूलों में भी प्रवेश देकर शिक्षा पाने के उद्देश्य से यह कानून लाया गया और निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की फीस शासन द्वारा निजी स्कूलों को भुगतान की जाती है, इस नियम के तहत निजी स्कूलों को बच्चों को स्कूल ड्रेस पुस्तक भी प्रदान किया जाना है साथ-साथ उन्हें इस नियम के तहत नियम निशुल्क शिक्षा दिया जाना है, लेकिन जिले में 2020-21 से लगभग 10 स्कूलों का 2 करोड़ रूपया का भुगतान आज तक शासन द्वारा नहीं किया गया है इसे निजी स्कूल संचालक काफी परेशान है, नगर के ही कई स्कूलों का राशि बकाया है। नगर के सेंट जांस इंग्लिश मीडियम स्कूल के 85 बच्चों का लगभग 6 लाख 45 हजार रुपए का भुगतान दो वर्षों से बकाया है जबकि प्रति वर्ष बच्चों को इस नियम के तहत स्कूलों में प्रवेश देकर शिक्षा दिया जा रहा है, जब स्कूल निजी स्कूलों को समय पर पैसा ही नहीं प्रदान किया जाएगा तो यह स्कूल गरीब बच्चों को कैसे शिक्षा प्रदान करेंगे यह एक गंभीर विषय है, इस संबंध में स्कूल का संचालक ने बताया कि लगातार जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा मांगी गई समस्त जानकारी प्रदान की गई है उसके पश्चात आज तक राशि नहीं मिला है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत से जानकारी लेनी चाही, उन्होंने फोन को रिसीव नहीं किया।

सरकार का आरटीई को शुरू करने का उद्देश्य गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना है। गरीब बच्चों को किसी भी स्थिति में उसे सरकारी स्कूल में ही पढ़ना पड़ता है। इस योजना के तहत आप उन्हें प्राइवेट स्कूलों में भी 25 परसेंट का आरक्षण मिल सकेगा। 6 से 14 वर्ष के आयु को बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया है। इन स्कूलों में पढ़ने के लिए छात्रों को कोई भी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई बच्चों को जितने सारे ▶▶|शेष पेज 12 पर

# पहली बारिश में रोहिना पुल पर आवागमन हुआ अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से ग्राम पंचायत रोहिणा में बन रहे पुलिया निर्माण कार्य में पिछले दो वर्षों से लगातार ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है। पर अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। और जो कार्य पूर्ण हुआ है वह भी गुणवत्ताहीन है। मिली जानकारी के अनुसार लाटा कंस्ट्रक्शन द्वारा इस कार्य की ठेका लिया गया है लेकिन पिछले 2 साल से यह कार्य पूर्ण न होने की वजह से ग्रामवासियों को बरसात के दिनों में आवागमन और अवरुद्ध होने की वजह से बहुत सारे परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिनके चलते स्कूली बस एवं स्कूल के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहा है। जैसे- तैसे कर इस बार कार्य पूर्णता की ओर था लेकिन पहले ही बारिश में अपूर्ण कार्य के चलने की वजह से आवागमन अवरुद्ध हो गया जिससे स्कूली बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए।



# पीएम आवास में संचालित हो रहे स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे बीआरसीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खबर का असर

जिले के ग्राम पंचायत बिरीघाट के आश्रित ग्राम चचरापारा प्राथमिक शाला का संचालन प्रधानमंत्री आवास में पिछले तीन वर्षों से किया जा रहा है। इस खबर को हमारे हरिभूमि ने 14 जुलाई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर सुबह ही स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे। ज्ञात हो कि सन- 1997 में बने स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है, जिसके कारण यहा स्कूल का संचालन प्रधानमंत्री आवास में किया जा रहा है। कई बार ग्रामीणों ने इस समस्या से स्थानीय अधिकारियों को अवगत करा चुके थे लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ और तो और यहां स्कूल भवन निर्माण के लिए जो राशि 2006 में 04.18 लाख रूपये स्वीकृत हुआ वह भवन भी अब तक निर्माण नहीं हुआ यहां तक कि ग्राम के पंचो और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस स्कूल भवन की राशि का फर्जी आहरण कर गबन किया गया है, जिसकी अब तक जांच नही की गई है, यदि जांच किया जाये तो कई चौकाने वाले मामले सामने ▶▶|शेष पेज 12 पर



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**मां झरझरा देवी का दर्शन करने पहुंचने लगे पर्यटक**

# झरझरा वाटरफाल लोगों को कर रहा मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

अंचल के प्रसिद्ध घने जंगलों एवं मनोरम डोंगरी के बीच स्थित झरझरा वाटरफाल इन दिनों पूरे अपने सबाब पर है। अच्छी बारिश होने के कारण झरने चालू हो गया है एवं यहां दूर- दूर से पर्यटक मां झरझरा देवी का दर्शन करने तथा झरने का लुप्त उठाने बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं। जिससे यह स्थान हरी भरी वनों तथा डोगरी पहाड़ों से घिरा होने के कारण यह स्थान और मनोरम हो जाता है, जो लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यह स्थान पिकनिक स्पॉट के लिए भी बेहद अच्छा स्थान माना जाता है जो बड़ी संख्या में यहां मनोरंजन और पिकनिक स्पॉट के पर्यटक पहुंचते हैं यह स्थान जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर तथा राजिम से 23 किलो मीटर कि दूरी पर हरिभरी वादियों के बीच समीस्पथ ग्राम मुरमुरा से दो किलोमीटर कि दूरी पर स्थित है।

नवरात्र के पर्व पर यहां श्रद्धालु मनोकामना के रूप में सैकड़ों दीप प्रज्वलित करते हैं। मान्यता के अनुसार मां झरझरा देवी के पूजा अर्चना करने से मनचाहा मनोकामना पूर्ण होते हैं। इस स्थान पर जाने से पहले वन विभाग या समीपपथ गांव में एक बार इस जगह की जानकारी लेकर ही जाएं। लगातार इस स्थान से होकर जंगली जानवर हाथी, भालू, चिता, जैसे खतरनाक जानवरों का डेरा बना हुआ रहता है। फिर हाल अभी वर्तमान में ऐसी कोई जानकारी सुनने में नहीं आई है। लेकिन कुछ दिन पहले यहां से एक हाथी होकर गुजरा है। ऐसे में पर्यटकों को अपना ध्यान रखना जरूरी हो जाता है।



RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
BHILAI CHHATTISGARH
R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
•BCA •MCA
•BBA •MBA
•B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
wipro
Deepak Advts.
90161 13333

## खबर संक्षेप



### पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में फंस रहे वाहन

**मैनपुर।** क्षेत्र में हल्की बारिश प्रारंभ होते ही सड़क किनारे जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने के कारण आए दिन इसमें चार पहिया वाहन फंसकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मैनपुर जिडार रोड में रविवार को एक टैक्ट्रर फंसी रही।

### नगरीय निकाय चुनाव की होने लगी चर्चा



**राजिम।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए चार महिने का समय शेष है पर युवाओं में इस बार कुछ ज्यादा ही उमंग और उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। सबेरे-शाम युवा यदि कहीं इकट्ठे होते है तो केवल इसी बात पर चर्चा होती है। अटकलो का दौर चल रहा है। रविवार को शहर के हृदय स्थल महामाया पारा ,दैनिक बाजार चौक के पास सामाजिक नेता लाला साहू, पार्षद टंकु सोनकर, अरविंद यदु, उत्तम निषाद,पार्षद प्रतिनिधि भारत यादव, युवा नेता बलराम यादव, वरिष्ठ नागरिक राजू निषाद, पवन कंडरा, मेहतर साहू, मोती सोनकर, चाय पीते हुए चर्चा की शुरूआत में वर्तमान शहर सरकार के द्वारा नगर के विकास कार्यों की लोग सराहना कर रहे थे वर्तमान शहर सरकार के अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के कार्यों का सराहना भी कर रहे थे। चर्चा में राजनीति से ऊपर उठकर लोग आपस की बात कर रहे थे और यही खासियत है धर्मनगरी राजिम की। बता दें कि चुनाव के समय भी सभी राजनीतिक दल के लोग आपस में बैठकर चर्चा-परिचर्चा करते हैं। बहरहाल हर कोई इस बात की प्रतीक्षा कर रहे है कि इस बार महिला आरक्षण होता है या जनरल अथवा ओबीसी? इसके लिए भी इन युवाओं की तैयारी अभी से देखी जा रही है।

**समस्या :** प्रधानमंत्री मंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी और ठेकेदार की मनमानी से लोगों में आक्रोश

# बोड़की पुल और एप्रोच सड़क के अधूरे निर्माण से आवागमन में दो बरसात से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छुरा ब्लाक से छूईहा, चरौदा, बोड़की बेलर, फिगेंश्वर ब्लाक को जोड़ने वाला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पड़ने वाली बोड़की नदी पर 225.59 लाख का पूल निर्माणधीन है। उक्त पुल को ठेकेदार में. बाफना कट्रंक्शन दूर्ग द्वारा बनाया जा रहा है। वर्तमान में उनके पेटी ठेकादार पम्मी शर्मा दूर्ग की देखरेख में बनाया जा रहा है। इनके द्वारा निर्माण कार्य के गुणवत्ता में प्रारम्भ से अब तक अनेक सवाल व रोका टोकी हुई है। करोड़ों रुपयों की लागत से बनने वाला उच्च स्तरीय पुल एवं एप्रोच मार्ग के निर्माण कार्य पूर्ण न होने से दो वर्ष की बारिश लगने के बाद यहां से आवागमन करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी चाहे बोडकी फूलझर के बच्चे को छूईहा हाई आने- जाने को प्रभावित करता है। तो वहीं विभिन्न कार्य से फिगेंश्वर, महासमुंद, रायपुर जाने के लिए दूसरा मार्ग से हो कर जाना पड़ता हैं। यहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को उम्मीद थी कि इस बार की बारिश में बोड़की नाला की नए पुल से परिवहन प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन निर्माण कार्य विगत दो माह से बंद है। निर्माण कार्य प्रारंभ 13 अप्रैल 2023 और पुर्ण कार्य अवधि 13 अप्रैल 2024 है। अगर निर्माण कार्य निरंतर जारी रहता तो अब तब पूरा हो गया होता। क्षेत्र के आम जनता, जनप्रतिनिधि, रोज जिसका आना- जाना रहता है को पुल निर्माण कर्ता पेटी ठेकेदार और संबंधित विभाग की मनमाफिक इस कार्य करने की इस प्रणाली पर आक्रोश है। वहीं भाजपा सरकार की इसमे बदनामी हो रही कि विभाग और ठेकेदार सरकार की नियंत्रण में नहीं है। विधायक राजिम रोहित साहू ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पीएमजीएसवाई अधिकरी से बात कर जल्द बनाने निर्देश किया जायेगा।

■ अधिकारी ने कहा- समय अवधि एवं एप्रोच रोड पर ध्यान देंगे

### बारिश के बाद भी देखने नहीं पहुंचे अधिकारी

इस निर्माण कार्य के प्रभार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद सब इंजीनियर जितेन्द्र चंद्राकर है। शुक्रवार रात में भारी बारिश के बाद भी सड़क की दुर्दशा क्या होगी लोगों को कितना परेशानी हो रही होगी तनिक देखने भी अधिकारी, ठेकेदार नहीं पहुंचे। अधिकारी की इस गैर जिम्मदारी से जनता नराज है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने जरूरत पड़ने पर कट्रंक्शन निर्माण की लेब जाच करने की मांग करने ठान ली है।



### टूटी- फूटी एप्रोच रोड पर आवागमन

वर्तमान मे सिर्फ पुल का अंतिम चरण शेष है। फिर भी आगे काम को बढ़ाने में रूचि नहीं ले रहा है। लोगों को आशंका है कि भरी बरसात में पुल से आवागमन शुरू होने से निर्माण गुणवत्ता की कमी का पोल न खुल जाए। इसलिए इस बारिश सीजन भर के आवागमन को टाल रहा है। टूटी फूटी एप्रोच रोड पर जान जोखिम में डालकर दो वर्ष से आना- जाना करना पड़ रहा है। बता दें कि एप्रोच रोड बहूत नीचे होने से थोड़ी बारिश में पानीं ऊपर चला जाता है। जिससे कई घंटा से रास्ता बंद होने से बस, जीप, ट्रक, दोपहिया वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ता है कि एप्रोच रोड से पानी कम हो एवं आगे की यात्रा की जा सके। इस तरह करोड़ों रुपये की लागत से पुलिया एवं एप्रोच मार्ग के थोड़ा बहुत निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों को बारिश में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### निर्देशित किया जायेगा

पीएमजीएसवाई अधिकरी से बात कर जल्द बनाने निर्देशित किया जायेगा।

**-रोहित साहू,** विधायक राजिम

### कार्य जल्द होगा पूरा

समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने ठेकेदार को कहा गया है। निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। एप्रोच रोड को ठीक करायेंगे।

**-जितेन्द्र चंद्राकर,** सब इंजीनियर

### फसल बोनी के पूर्व बीजोपचार अवश्य करें : कृषि अधिकारी

**रसेला।** चालू सीजन में फ़सल बोने के पुर्व बीजोपचार करने लेने की सलाह किसानों को वरिष्ठ कृषि अधिकारी नरेन्द्र कुमार भोई ने दी है। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान है। यहां की 75 प्रतिशत आबादी कृषि एवं कृषि व्यवसाय से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जूडी हुई हैं। क्षेत्र में हजारों किसान है, जिनका आजीविका का साधन मूलतः कृषि है। अंचल को धान का कटोरा कहा जाता है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है। धान की खुर्रा बुआई अंतिम चरण की ओर है, तथा सुनिश्चित सिंचाई साधन वाले कृषक थरहा तैयार कर रोपा एवं लहीया विधि द्वारा बोनी का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में धान बुआई कार्य चल रहा है। भोई ने किसानों को समसामयिक सलाह दी है कि बुआई के पुर्व बीजोपचार अनिवार्यतः करें। इसके लिए उपयुक्त फफूंद नाश थायरम, डाईएथेन - 45, कल्चर एवं 17 प्रतिशत नमक घोल का उपयोग कर सकते हैं। थरहा उपचार हेतु क्लोरोपायफास का उपयोग करें। इसमें धान में होने वाले तनाछेदक, पत्ती लपेटक एवं अन्य कीटव्याधि की नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से समसामयिकी सलाह हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

## पांडुका स्कूल में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में बस्ता विहीन शाला के अंतर्गत शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने गीत, भाषण व कविता के माध्यम से पौधारोपण पर प्रस्तुति दी। साथ ही अपने हाथ से बनाए हुए आकर्षक चित्रों के द्वारा पेड़ों का हमारे जीवन में क्या महत्व है करके बताया। प्रधान पाठक एमएल तारक ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बधाइयां दी। प्रतिभागी छात्राओं में कक्षा छठवीं से दीप्ति, तुलना, कक्षा सातवीं से सुकृति, आलिया, छाया तथा कक्षा आठवीं से दिव्यांशी, तृप्ति विभा आदि ने सुंदर चित्रों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला की शिक्षिका देवश्री निषाद, गोपेश्वरी साहू, अर्चना शर्मा, कबिता आचार्जी एवं शिक्षक अरूण साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## बच्चों का करें सम्मान और प्रोत्साहित : विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रविवार शाम को विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवापारा देवांगन समाज के भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाज के लोगो ने उनका शानदार स्वागत करते हुए पुष्प माला पहनाकर शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विधायक साहू ने कहा कि आप यह चिंतन करें कि समाज के लिए आपका योगदान क्या है। समाज को समय दें। बच्चों का सम्मान करें और उन्हें प्रोत्साहित भी करें ताकि वे पढ़ाई में अपना ध्यान लगाकर बड़े पोस्ट में जाएं अधिकारी बनें। विधायक ने कहा कि वैसे देवांगन समाज व्यवसायिक समाज है। व्यवसाय में इस समाज के लोग अग्रणी है। समाज के प्रत्येक लोग कोशिश करे कि हर घर में संपन्नता आए।यदि आप संपन्न रहेंगे तो समाज निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। कहा कि देवांगन समाज को आगे बढ़ाने में हम कोई कसर बाकी नही रखेंगे। उन्होने भवन लोकार्पण के अवसर पर टीन शेड निर्माण के लिए घोषणा किया। कार्यक्रम में मौजूद देवांगन समाज के लोकप्रिय युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि कोई भी समाज शिक्षा से ही आगे बढ़ा जा सकता है। समाज के बच्चो के पढ़ाई के लिए कोई कमी नही होने देंगे। बच्चों को आगे बढ़ाने में पूरी तरह से मदद करेंगे। यदि कोई कमी रह जाएगी तो विधायक से और सरकार से भी अनुरोध करेंगे। मंडल अध्यक्ष उमेश यादव ने लोकार्पण के अवसर पर समाज के लोगो को बधाई और शुभकामना दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रतिराम साहू, नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष बुधराम देवांगन, संरक्षक रामकुमार देवांगन, राज देवांगन समाज के अध्यक्ष अर्जुन देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, बलराम देवांगन, संतोष देवांगन, अन्नपूर्णा देवांगन, प्रदीप देवांगन, छन्नु देवांगन, हुलास देवांगन, मीडिया प्रभारी राजू देवांगन, मनीष देवांगन, खेलन देवांगन, गोपाल देवांगन, खेमू देवांगन, अजय देवांगन, रवि देवांगन, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, महेश ठाकुर, वीरेंद्र साहू, खेमराज कोसले, मुकेश ढीढी, रूपेंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, साधना सौरज, धनमती साहू, प्रभा बांसवार, नंदनी साहू सहित देवांगन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ देवांगन समाज के भवन का किया गया लोकार्पण

## कौंदकेरा स्कूल में मना ग्रीन डे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शनिवार को ऐक्टिव किड एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल कौंदकेरा में ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों की कई प्रतियोगिताएं कराई गई। यहां बच्चों को पर्यावरण के बारे में भी बताया गया। ग्रीन डे कार्यक्रम में सभी बच्चों ने हरे रंग के पोशाक में स्कूल पहुंचे थे। बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण के बारे में जानकारी ली। बच्चों को प्रधानाचार्य पीआर साहू के द्वारा पर्यावरण के लिए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्जियों को खाना चाहिए इससे हमें पोषक तत्व मिलते हैं। बच्चों ने ग्रीन कलर के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया स्कूल में पौधारोपण कराया गया। इस दौरान शिक्षिका धनेश्वरी साहू, कीर्ति साहू, डीगेश्वरी साहू हेमलता साहू, ओमेश्वरी साहू, नेहा साहू देवेंद्र यादव नीलकमल साहू उपस्थित थे।



### नवापारा में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत

**नवापारा-राजिम।** राज्य के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रविवार की शाम राजिम क्षेत्र के पर्यटन स्थल जतमई मंदिर दर्शन के लिए आईथी इस अवसर पर अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगीम में नवापारा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका शानदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ नेता रतिराम साहू,मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,भाजपा युवा नेता किशोर देवांगन, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, महेश ठाकुर, वीरेंद्र साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, नपा के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू, साधना सौरज, धनमती साहू, पदमिनी सोनी, नीता धीवर, अन्नपूर्णा देवांगन, प्रभा बांसवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### विधायक ने किया पौधारोपण



**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवापारा देवांगन समाज के भवन लोकार्पण के अवसर पर परिसर में एक पेड़ मां के नाम का पौधारोपण किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, वरिष्ठ युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लफंदी में सांसद रूपकुमारी का स्वागत...



**राजिम।** मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के तहत विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में लफंदी पहुंची सांसद रूपकुमारी चौधरी का महिला सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू के नेतृत्व में मातृशक्तियों ने शानदार स्वागत किया। ग्रामवासियो की ओर से सांसद एवं विधायक का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं एवं युवतियो का सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अभिनंदन किया।

## 11 दिन पहले आ रहे त्योहार देवशयन काल 118 दिनों का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जुलाई से लेकर नवंबर तक अगले 4 महीने अब तीज त्योहार उत्सव के ही रहेंगे। इस बार देव शयन काल भी 118 दिन का रहेगा। जबकि पिछले साल श्रवण अधिक मास होने से देवशयन काल 148 दिन का था। पिछले साल के मुकाबले इस बार तीज त्योहार 11 दिन पहले आ रहे हैं। श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगा। जबकि 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 7 अक्टूबर को दशहरा और 1 नवंबर को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। पंडित अंजनी शरण व्यास के अनुसार आषाढ़ के साथ ही 4 महीने त्योहार के होते हैं। सावन माह की शिवरात्रि से लेकर रक्षाबंधन त्योहार आते है। वहीं सावन मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है।

**17 से मांगलिक कार्य हो जाएंगे वर्जित-** 17 जुलाई के बाद मांगलिक कार्य वर्जित हो जायेगें। नवंम्बर में 11 दिन शादियों के मुहूर्त रहेंगे। 12,13,16,17,18,22,23 25, 26, 28 और 29 को विवाह के लग्न है। दिसंबर में परिणय सूत्र में बंधने के लिए के लिए 6 मुहूर्त होंगे। दिसंबर में 4,5,9,10,14, और 15 तारिख शुक्ल पक्ष की नवमी को अबूझ मुहूर्त है।

**जुलाई से अक्टूबर तक आने वाले त्योहारों के बारे में-** जुलाई के शेष व्रत त्योहारः 17 को देवशयनी एकादशी, 21 को गुरु पूर्णिमा। अगस्त के पर्वः 7 को,हरियाली तीज, 9 को नाग पंचमी, 19 को रक्षाबंधन, 26 को जन्माष्टमी। सितंबर के त्योहार : 7 को गणेश चतुर्थी, 6 को हरितालिका तीज, 18 को श्राद्ध पक्ष। अक्तूबर में ये पर्व होंगेः अक्तूबर के पर्व में 2 को पितु अमावस, 3 को शारदीय नवरात्र, 11 अष्टमी, नवमी, 12 विजय दशमी, 20 को करवा चतुर्थी, 29 को धन त्रयोदशी। नवंबर के त्योहार रू 1 को दीपावली, 2 को अन्नकूट महोत्सव, 3 को भाईदूज का त्योहार है। उन्होंने बताया कि जो भी भगत सच्चे मंन से भगवान शिव की अराधना करता है उसकी हस मनोकामना पूर्ण होती है।

## पेज 11 के शेष...

### खेती किसानी के...

लेकर निकल पड़े हैं। आज दिनभर मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के खेत खलियानो में किसानों की चलह पहल देखने को मिला जगह- जगह पानी की कमी के कारण खेती किसानी जो बंद हो गया था आज रोपा लगाते हुए किसान और मजदूर नजर आये, मैनपुर क्षेत्र में अभी तक मात्र 50 प्रतिशत ही खेती किसानी का कार्य पुरा नही हो पाया है, आज से रोपाई कार्य प्रारंभ होने से अब उम्मीद है कि जल्द से जल्द किसान खेती किसानी कार्य सम्पन्न करेंगे तो वही मजदूर नहीं मिल रहे है, दूसरी ओर ट्रैक्टर और खेती के लिए हल और नागर की भी परेशानी आ रही है।

### वनांचलों में मरीजों...

और रात में उसकी मलेरिया से मौत हो गई। मृतक छात्र के माता बैसाखीन बाई ने हरिभूमि को बताया की तीन चार दिनों से बुखार से उनके बेटा भुवेन्द्र कुमार सोरी पीडित था जिसे ईलाज के लिए 11 जुलाई को मैनपुर अस्पताल ले गये थे लेकिन अस्पताल से शाम को दवा देकर छुट्टी कर दिये थे जिसके कारण बच्चे को लेकर घर लौटे घर पहुंचते ही छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी की मौत हो गई।
विशेष पिछडी कमार जनजाति छात्र की मलेरिया से मौत की जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर इस गांव के आसपास तथा रामपारा स्कूल में कई बच्चे सर्दी, खांसी, बुखार से पीडित बताये जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि तत्काल गांव में शिविर लगाकर मलेरिया एवं बुखार की जांच की किया जाये साथ ही लोगों को दवा उपलब्ध कराया जाए क्योंकि मैनपुर वनांचल क्षेत्र मलेरिया जनित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है और इन दिनों छोटे- छोटे बच्चे ज्यादा बुखार से पीडित मिल रहे है, लगातार अस्पताल में बुखार और मलेरिया से पीडित बच्चे ईलाज के लिए पहुंच रहे है।

### दो साल से...

सुविधा मिलती है वह सारी सुविधाएं इस योजना के तहत चयनित बच्चों को भी मिल सकेगी।
जिससे वह अपना नाम रोशन कर सकेंगे। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा सरकारी स्कूलों की तुलना में ज्यादा बेहतर होती है। इसलिए हर बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ना चाहते हैं। लेकिन गरीब बच्चों के पास पैसा नहीं होने के कारण वह अपना नाम नहीं लिख पाते हैं। इस योजना के द्वारा सरकार उन्हें फ्री में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाएंगे। पढ़ाई के दौरान होने वाले सारा खर्च सरकार शिक्षण संस्थानों को देंगे। आरटीई के शुरू होने से काफी सारे गरीब बच्चे अपनी पढ़ाई प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त में कर पा रहे हैं। इसलिए इस योजना के कई सारे लाभ और विशेषताएं हैं ,योजना के तहत गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई कर सकेंगे।बच्चों को पढ़ाई के दौरान कोई भी शुल्क नहीं देना पड़ेगा।पढ़ाई में होने वाले सारे खर्च सरकार के द्वारा उठाए जाएंगे।इस योजना के तहत स्कूलों में उपस्थित सीटों के 25 परसेंट सीट गरीब बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है।योजना के तहत चयनित बच्चों को वो सारी सुविधा मिलेंगे जो प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिलते हैं।बच्चों की शिक्षा स्तर में सुधार हो सकेगा। पिछड़े वर्ग के बच्चे भी अपना नाम देश में रोशन करेंगे।आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए सोचना नहीं पड़ेगा।

### पीएम आवास में...

आयेगें और तो और स्कूल जतन योजना के तहत करोडो रूपये की राशि स्वीकृत होने के बाद भी इस स्कूल का मरम्मत नही हो पाया जो अपने आप में सोंचने को मजबूर करता है। रविवार को प्रमुखता के साथ चचरापारा के खबर प्रकाशन होने के बाद जिला प्रशासन ने इस स्कूल को संज्ञान में लिया और जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर मैनपुर विकासखण्ड के बीआरसीसी शिवकुमार नागे सुबह ही स्कूल के निरीक्षण में ग्राम चचरापारा पहुचें मैनपुर बीआरसीसी ने बताया कि 14 जुलाई को मेरे द्वारा प्राथमिक शाला चचरापारा का अवलोकन किया तथा वहां निजी प्रधानमंत्री आवास शाला संचालित हो रहा था। निजी आवास में संचालित शाला का स्थान परिवर्तन कर समीप के प्राथमिक शाला सागुनभाड़ीपारा में शाला का संचालन के निर्देशित किया गया जिसमें प्राथमिक शाला चचरापारा के सरपंच पंच एवं पालकगण द्वारा सहमति दिया गया। चचरापारा से सागुनभाड़ीपारा की दूरी लगभग 400 मीटर के आसपास है। चचरापारा में प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 22 एवं प्राथमिक शाला सागुनमाड़ीपारा में दर्ज संख्या 20 है। दोनो शालाओं में दो दो शिक्षक पदस्थ है। जिसमें से चचरापारा के एक शिक्षक अवतार सिन्हा को प्राथमिक शाला सागुनभाड़ी तथा श्रीमती कुन्ती जगत को हाईस्कूल बिरीघाट में अध्यापन कार्य हेतु मौखिक निर्देशित किया गया। इस प्रकार प्राथमिक शाला चचरापारा ग्राम पंचायत बिरीघाट अब निजी भवन में संचालित नही होगा।

**खबर संक्षेप**



### अभिनंदन समारोह में आज शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव

**कोपरा।** ग्राम कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात संचालन समिति के गठन होने के पर 15 जुलाई सोमवार को कोपरा में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि अरुण साव डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन होंगे। अरुण साव उप-मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के मुख्य आतिथ्य में अभिनदन समारोह का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम में अध्यक्षता रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा विशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू पूर्व सांसद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजेश साहू अध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद संतोष उपाध्याय पूविधायक राजिम विदधानसभा चंद्रशेखर साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद कमल सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम होंगे। नगर पंचायत कोपरा में उक्त कार्यक्रम 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे सांहड़ा चौक में आयोजित होगा। नगर पंचायत कोपरा में मनोनित अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाकर जो सम्मान दिए हैं इसके लिए पार्टी के प्रति सदैव आभारी रहूंगा।

**बैठक :** ग्रामवासियों ने कहा- आयोजन में सहयोग करने को तैयार, अव्यवस्था पर समिति ले जिम्मेदारी

# अगस्त में शिव महापुराण कथा आयोजन पर हुई बैठक, आयोजक के रवैये से ग्रामवासी असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पोड़ में अगस्त महीने में होने वाला पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन अब खटाई में पड़ते नजर आ रहा है। तैयारियों को लेकर आयोजक श्री शंभू सेवा समिति के पहल पर रविवार को ग्रामवासियों की एक बैठक बुलाई गई जिसमें ग्रामवासियों ने मुख्य आयोजक राकेश देवांगन पर आयोजन में ग्रामवासियों की उपेक्षा और आयोजन में कथित धांधली को लेकर मीडिया में चल रही खबरों पर सवालों की बौछार कर दी। हालांकि राकेश देवांगन द्वारा सवालों का यथासंभव जवाब देने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामवासी उससे संतुष्ट दिखाई नहीं दिए। अंत में ग्रामवासियों ने दो-टूक कह दिया कि वे आयोजन में सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उसके पहले राकेश देवांगन और उनकी समिति एक लिखित शपथ पत्र पंचायत को देकर आयोजन के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था होने पर सारी जिम्मेदारी स्वयं लेने की बात कहे। इसके बाद बैठक समाप्त हो गई। जैसा कि सभी जानते हैं कि पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण आयोजन में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है लेकिन इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्य आयोजक राकेश देवांगन ग्राम पोड़ के ही रहने वाले हैं और आयोजन भी ग्राम पोड़ में ही हो रहा है, इसके बावजूद इतने बड़े स्तर पर होने वाले आयोजन के लिए आज तक राकेश देवांगन द्वारा ग्राम पंचायत से अनुमति नहीं ली गई है। इसके अलावा उसकी समिति में गांव का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं है बल्कि नवापारा, राजिम और आसपास गांव के लोग शामिल हैं। इतना ही नहीं आयोजन से संबंधित अब तक कोई भी फ्लेक्स या बोर्ड, गांव में नहीं लगाया गया है। इतना जरूर है कि राजिम, अभनपुर सहित विभिन्न जगहों पर फ्लेक्स, बोर्ड आदि लगाए गए हैं। देवांगन पर कुछ ग्रामवासी आयोजन के नाम पर वसूले गए भारी-भरकम चंदे में धांधली करने का आरोप लगाते हुए संबंधित राशि का दुरुपयोग अपने स्वयं के घर निर्माण में लगाने की भी बात कह रहे हैं। इस विषय पर भी बैठक में ग्रामवासियों ने सवाल करते हुए अब तक वसूले गए चंदे का विस्तारपूर्वक विवरण दानदाता का नाम और संबंधित राशि सहित देने कहा गया। जिस पर देवांगन द्वारा रजिस्टर दिखाया गया। लेकिन ग्रामवासी उसे अपर्याप्त मानते हुए असंतुष्ट नजर आए।

■ पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन अब खटाई में





### कथा सुनने क्षेत्र की जनता बेताब, पहुंचेंगे लाखों श्रोता

इन सभी बातों पर देवांगन से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि उनके पास प्रत्येक चंदे का विवरण है और उन पर लगाए जा रहे धांधली के आरोप पूरी तरह गलत हैं। बहरहाल इस पूरे मामले पर देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत के बाद आज पोड़वासियों द्वारा देवांगन से आयोजन के दौरान होने वाली किसी भी अव्यवस्था की जिम्मेदारी लेने संबंधी शपथ पत्र देने की बात कहने के बाद देवांगन कुछ ढीले पड़ गए हैं और ऐसा लग रहा है कि अगले महीने होने वाला पंडित प्रदीप मिश्रा का यह आयोजन खटाई में पड़ते नजर आ रहा हैं। बता दें कि पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण में कथा सुनने को पूरे क्षेत्र की जनता बेताब हैं और भीड़ भी इस कदर रहेगी कि संभाल पाना मुश्किल का काम होगा। क्योंकि पोड़ एक ऐसा सेंटर गांव हैं जहां रायपुर, खरोरा, आरंग, महासमुंद, फिंगेश्वर, राजिम, छुरा, गरियाबंद, कोपरा, पांडुका, नवापारा, कुरूद, मगरलोड, अभनपुर जैसे शहरीय इलाकों के अलावा इस क्षेत्र के तकरीबन दो सौ गांव के लोग कथा सुनने के लिए न केवल लालायित हैं बल्कि रोज लाखो की भीड़ पहुंचेगी।

### समिति में गांव का कोई सदस्य नहीं

ग्रामवासियो को कथा से कोई ऐतराज नहीं है। उन्होने जो समिति बनाया है उसमें गांव का कोई सदस्य नहीं है। तो हम किस प्रकार से उनका सहयोग करें। यदि गांव में गंदगी अव्यवस्था कोई घटना-दुर्घटना अथवा फसल का नुकसान होता है तो इसकी जवाबदारी किसकी होगी? इसलिए राकेश देवांगन को शपथ पत्र देने के लिए कहा गया है। यदि वे शपथ पत्र देंगे तो गांव वाले इस पर विचार करेंगे।

**-ओमप्रकाश साहू,** सरपंच ग्राम पंचायत पोड़

### पारदर्शी हो हिसाब-किताब

आयोजन समिति रजिस्टर्ड नहीं है। चंदा वसुली जारी है यदि हमारे गांव में यह आयोजन हो रहा है तो बड़ी खुशी की बात है मगर चंदा का हिसाब-किताब पारदर्शी होना चाहिए।

**-टी आर वर्मा,** नागरिक ग्राम पोड़

### समिति में 12 लोग शामिल

मुझे बेवजह बदनाम कर रहे है। आयोजन में दो करोड़ रुपए का खर्च होगा समिति बनी है। 3-4 बार मीटिंग हुई है। मुझे 3 लाख 12 हजार रूपए भंडारा के लिए क्षेत्रवासियो ने दिया है और 16 लाख 50 हजार रूपए समिति के लोग दिए है। समिति में 12 लोग शामिल है।

**-राकेश देवांगन,** आयोजक शिवमहापुराण कथा

## शिक्षिका देव श्री ने कराया न्योता भोज

**पांडुका।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका की शिक्षिका देव श्री निषाद ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी छात्राओं को न्योता भोज कराया। न्योता भोज के अंतर्गत चावल, दाल सब्जी, पूरी, पापड़ और जलेबी का वितरण करवाया। स्वादिष्ट भोजन से सभी बच्चे प्रफुल्लित हो गए । साथ ही पूरे स्टाफ को भी उन्होंने भोजन कराया। संस्था के प्रधान पाठक एम एल तारक ने निषाद मैडम को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।



## पक्तियां स्कूल में बाल कैबिनेट इको क्लब गठन व पौधारोपण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** संकुल केंद्र पक्तियां के माध्यमिक शाला पक्तियां में पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को पर्यावरण वन महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के शिक्षक, शिक्षिकाओं व ग्रामीणों द्वारा शाला परिसर में फलदार पौधा करौंदा, आम, जामुन, कटहल का रोपण किया गया।इसमें माध्यमिक शाला पक्तियां प्रधान पाठक गिरवर ध्रुव, कनेशर खेमचंद देवांगन प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका पक्तियां ममता ध्रुव, बोईरगांव कनकलता मांडले प्रधान पाठक कनेसर संतोष साहू, जुनवानी धर्मेंद्र साहू, केड़ीआमा नातुन ध्रुव, सरपंच गणेशराम ध्रुव, उदय राम साहू, कन्हैया मंडल ओमिन ध्रुव



उपस्थित रहे।साथ ही बाल कैबिनेट व इको क्लब का भी गठन किया गया। कैबिनेट व हरेली इको क्लब के प्रभारी गंगाराम यादव, पर्यावरण प्रभारी गुरुदेव भास्कर, अनुशासन प्रभारी धामेश्वर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी जागेश्वर रामध्रुव बाल कैबिनेट व इको क्लब के पदाधिकारी प्रधानमंत्री भावना, शिक्षा मंत्री केसरी, वित्त मंत्री लीना, खेल मंत्री खेमराज, टिकेश्वर सुरक्षा मंत्री डायमंड, लाकेश, स्वास्थ्य मंत्री गुंजा, लीना पर्यावरण मंत्री खुशी, नीतू कृषि मंत्री ठाकुर, रूपम मध्यान भोजन प्रभारी याचना, भूमिका प्रधान पाठक गिरवर ध्रुव के मार्ग निर्देशन में सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाकर अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करने का शुभ आशीर्वाद दिया।



## खबर संक्षेप



### जंगल से भटककर हिरण पहुंचा इदागांव

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफर जोन एरिया वन परिक्षेत्र इदागांव से रविवार सुबह एक हिरण जंगल से भटकते गांव के तरफ पहुंच गया और इदागांव बीएसएनएल टावर के पास बहुत समय तक मंडारते रहा। जिसे देखने भारी भीड ग्रामीणों की लगी रही। मिली जानकारी के अनुसार भींड के द्वारा हो हल्ला करने पर हिरण जंगल के तरफ छंलाग मारते निकल गया।

### बालाजी मंदिर में 3 दिनी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कल से

**अभनपुर।** अभनपुर स्थित श्री स्वामी बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर जीर्णोद्धार का त्रि-दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा मे भगवान रघुनाथ,माता जानकी एवं भगवान लक्ष्मण की दिव्य प्रतिमा को रथ में सजाकर शीतला मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर,भगत चौक, गुरु घासीदास चौक, विक्रम चौक,थाना चौक मे भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या मे लोगो ने भगवान का दर्शन का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त जी महाराज द्वारा शोभायात्रा मार्ग के सभी मंदिरों में देवी देवताओं को नारियल अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि अभनपुर में श्री दूधाधारी मठ द्वारा निर्मित प्राचीन बाड़ा एवं श्री स्वामी बालाजी का मंदिर है जो जर्जर हो गया था। जिसे राजेश्री महंत जी महराज द्वारा जीर्णोद्धार कर नया स्वरूप प्रदान किया गया है। उक्त मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन 16 जुलाई मंगलवार को होगा। इस दौरान महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, ट्रस्ट कमेटी सदस्य विजय पाली, रामकृष्ण पाली, आशीष टंडन, राहुल गुप्ता, फकीर साहू,शरण साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, रामप्रिय दास, हर्ष दुबे, रतन साहू, सुनील साहू व बड़ी संख्या मे महिलाये शामिल रही।

### पीएचसी खोरपा का मानक टीम ने किया अवलोकन

**अभनपुर।** एनक्यूएएस प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक टीम ने आयुष्मान आयोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा मे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओ एवं क्रियाकलापो का अवलोकन किया। केन्द्रीय मूल्यांकनक र्ता डॉ क्रूष्णा सरण पाल व प्रतीक मोदी ने पीएससी खोरपा मे मिलने वाली 12 प्रकार की सेवाओ प्रसव, टीकारण, परिवार नियोजन व प्रजनन, संचारी रोग, मानसिक स्क्रीनिंग सहित सिक्स डिपार्टमेंट ओपीडी, आईपीडी, डिलीवरी,एनएचपी, लेबोरेट्री, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन व अन्य प्रबंधन के बारे मे गंभीरता से जांच व निरीक्षण किया और अधिकारी,कर्मचारियो को उचित दिशा निर्देश दिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य टीम ने हेल्थ सेंटर मे कार्यरत कर्मचारियो द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ रंजना गायकवाड़,राजू नवरंगे,अश्वनी पांडे,डीएस नेताम,प्रज्ञाशिला भतपहरी,प्रीति गहिरवारे,रेखा धुरव,कविता कुशवाहा,रोशन लाल,संतोष सेन,कुमकुम जोशी,खेमराम साहू,श्रीराम यादव,प्रतिमा डहरिया,ललिता देवांगन,इंदु देवांगन,सरपंच,उपसरपंच सहित स्वास्थ्य कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### खट्टी स्कूल परिसर में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। शाला परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। मोहम्मद सफी ने शाला के लिए अशोक, गुलमोहर, पाम के पौधे उपलब्ध कराए। उन्होंने पाम का पौधरोपण गया। इसी प्रकार संस्था के सभी शिक्षकों ने भी पौधे लगाए।

---

**विडंबना : पालकों ने चंदा कर पहुंचा जनदर्शन में प्रशासन से भी नहीं मिला उचित आश्वासन**

# कन्या आश्रम में 8 महीने से चल रही है मरम्मत निर्माण अधूरे, 120 बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम में चल रहा है। मरम्मत का कार्य लगभग जनवरी से प्रारंभ हुआ जो 8 महीने के पश्चात भी आज तक पूर्ण नहीं हुआ है, छात्रावास के पवन नागेश ने बताया कि कार्य लगभग जनवरी से प्रारंभ हुआ है और इतने मरम्मत के बाद भी दूसरे भवन के छत से पानी टपकना भी प्रारंभ है जिस पर कार्य नहीं हो रहा है। मरम्मत का कार्य पूर्ण होने के बाद भी छत का कार्य की आवश्यकता है साथ ही साथ किचन शेड़ और सुरक्षा कर्मीयों के लिए भी कमरों की आवश्यकता है और इसका खामियाजा क्षेत्र के आदिवासी समाज की छोटे-छोटे बच्चों को उठाना पड़ रहा है। स्कूल खुले लगभग 20 दिन होने के पश्चात भी लगभग 120 छात्र -छात्राएं वंचित है क्योंकि छात्रावास पर मरम्मत होने की वजह से यह बच्चे नहीं आ रहे है, यहीं रहकर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की शिक्षा लेते हैं किंतु इस छात्रावास में अभी पांव रखने की जगह नहीं है। पालकों ने बताया कि 200 रुपये चंदा करके हम सब जनदर्शन में जिला कलेक्टर से इन समस्याओं से अवगत कराने के लिए गए थे लेकिन जिला प्रशासन से भी उचित आश्वासन नहीं मिला है, जिससे पालकों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि हम अब आखिर कहां जाए और बच्चों की शिक्षा और मरम्मत कब तक होगा इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? आदिवासी कन्या छात्रावास में साथ 60 बेड है जिसमें लगभग 120 बच्चे रहते हैं एक बेड में दो-दो बच्चे सोते हैं ताकि बच्चों को शिक्षा मिल सके।





**पालक खेती कार्य में व्यस्त**

इस छात्रावास में विकासखंड के 40- 50 किलोमीटर दूर के भी बच्चे आकर रहते हैं और प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करते हैं। पालकों द्वारा प्रतिदिन कुछ बच्चों को लाया ले जाता है और शाम को फिर ले जाया ले जाता है, पालकों से चर्चा करने पर बताया कि अभी खेती का कार्य है और उसके अलावा सभी के पालक कहीं-कहीं व्यस्त रहते हैं और रोज बच्चों को लाना ले जाना संभव नहीं है उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि इस समस्या का हल कब होगा? छात्रावास में राजपुर, गोंनबोरा, नवापारा, कोसमी, चुरकी दादर, टोनही डबरी, विजयपुर, बोडरा बांधा सहित आसपास के बच्चे रहकर पढ़ते हैं। पालक गण अशोक ठाकुर, शत्रुघ्न नागेश, ओम सिंह नागेश, तुलस ठाकुर , बिरजू कुमार, भानु ठाकुर, यशवंत ठाकुर, थानु ठाकुर, सुरेश ठाकुर, देवनाथ ठाकुर, चंद्रिका नागेश, वरुण कुमार, कमल सिंह, देशराम, कोमल ध्रुव सहित पालक छात्रावास पहुंचकर अपनी समस्याओं से रूबरू करा कर तत्काल छात्रावास प्रारंभ करने की मांग की है।

**कार्य गुणवत्ता विहीन**

पूरे क्षेत्र में स्कूल और छात्रावास के मरम्मत का कार्य चल रहा है और सभी जगह पर कार्य काफी गुणवत्ता विहीन है जिसकी जांच की जानी चाहिए। समय सीमा पर कार्य करने नहीं वाले ठेकेदारों के खिलाफ भी कार्यवाही करना चाहिए।

-**नीलकंठ ठाकुर**, आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष

**15 दिनों में हो जाएगा पूर्ण**

मजदूर नहीं मिलने की वजह से कार्य लेट हुआ है अभी चल रहा है, 15 दिन में लगभग कार्य पूर्ण हो जाएगा।

-**अमित भखारिया**, ठेकेदार



---

## तेल, मिर्च मसाले का न करें उपयोग, पिएं स्वच्छ पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा में शनिवार को स्टाप डायरिया के साथ बाल सभा का गठन किया गया। बरसात के मौसम मे होने वाले संक्रामक रोगो की बच्चों को जानकारी दी गई एवं बचने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घनश्याम बघेल प्रधानपाठक ने बरसात के दिनों मे होने वाली बिमारी डायरिया, मलेरिया, टाईफाइड आदि से बिमारियो की बच्चों को जानकारी दी एवं बिमारी से बचने उनके उपाय बताये। उन्होंने कहा कि डायरिया एक खतरनाक बीमारी है जो दूषित भोजन एव पानी से होता है। इसलिए ठंडे एवं खुले में रखे बासी भोजन न करें। तेल मिर्च मसाले का अधिक उपयोग न करें। पीने के पानी शुद्ध हो। इसी प्रकार मलेरिया बीमारी को लेकर कहा कि घर के आस पास बने गड्ढे में पानी के एकत्रित होने से वहा पर मच्छर अंडे देती है जिससे मच्छर बनता है और रात में काटने पर ठंड लगकर बुखार आती जो मलेरिया का रूप हो सकता है इसलिए आसपास के गड्ढों को पाट देना चाहिए, जिससे मच्छर न पनप सके वहीं। घर में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए।डायरिया सहित संक्रमाक बिमारी से बचने के बच्चों को उपाय बताए गए। इसके उपरांत शाला के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में प्रधानमंत्री आदित्य कुमार बघेल, उप प्रधानमंत्री कुमारी वर्षा कंवर, शिक्षा मंत्री कुमारी पुष्पांजलि साहू, खेल मंत्री जॉनसन बघेल, सांस्कृतिक मंत्री कुमारी किरण यादव, स्वास्थ्य मंत्री आदित्य कुमार, स्वच्छता मंत्री कुमारी साक्षी साहू, जल मंत्री कुमारी पल्लवी कंवर, बागवानी मंत्री कुमारी संध्या कंवर, भोजन मंत्री समीर कुमार, कुमारी किंजल यादव, पुस्त कालय मंत्री नामेश कुमार कंवर, कुमारी इशानी गिलहरे, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री गुलशन कुमार कंवर, योगेश कुमार साहू इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावा परमेश्वर यादव उपस्थित थे। स

■ **बरसात में होने वाली संक्रामक रोगों एवं उससे बचाव की जानकारी दी**

## जनपद उपाध्यक्ष ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



फिंगेश्वर जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ने नगर पंचायत कोपरा की कई समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं के निराकरण की मांग की है। साहू ने बताया कि नगर पंचायत कोपरा में कई सारी समस्याएं हैं जिनके कारण जनता को कई कठिनाइयों का सामना कर पड़ रहा है, जिसके मद्देनजर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।

साहू ने आगे बताया कि नगर पंचायत की मुख्य 3 मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से जल जीवन मिशन अंतर्गत हुईं लापरवाही और भ्रष्टाचार है, योजना की संपूर्ण राशि मिलने के बावजूद आधे घरों तक कनेक्शन नहीं पहुंचा है जिसके कारण लोगों को पेयजल की सुविधा तक नहीं मिल पा रही है, पाइप लाइन बिछाने का काम तक पूरा नहीं हुआ है और खोदे गए गड्ढे सीसीरोड ढलाई कार्य अधूरा होने से बरसात में जनता के लिए दिक्कत पैदा कर रहे हैं गांधी चौक से अंदर पटेल पारा राधाकृष्ण मंदिर, श्री राम चौके बंद भर पानी नई है। नगर पंचायत की स्वास्थ्य सुविधा उच्च चिकित्सा अधिकारी की अनुपलब्धता के ठप्प पड़ गई है, इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोपरा में चिकित्सा अधिकारी की मांग की है ताकि लोगों को अच्छी सुविधा मिल सके और पांडुका थाना अंतर्गत पोस्टमार्डम के लिए इधर उधर भी ना भटकना पड़े।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोपरा में विगत 20 वर्षों से प्राचार्य का पद रिक्त हैं, राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक देने वाला ये स्कूल प्राचार्य के आभाव में गुणवत्ताहीन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला कलेक्टर को नगर के सभी समाज प्रमुखो व जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण के साथ जाकर ज्ञापन के माध्यम से नगर पंचायत कोपरा में बंदोबस्त त्रुटी सुधर, सतमानी समाज, सिन्हा (कलर) व साहु समाज भवन के साथ -साथ विधायक निधि, जनपद विकाश निधि, 15वें वित्त, मनरेगा आदि मतों से करोड़ों वे विकास कार्य रुका है उक्त समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, यदि इस बार भी कोई कार्यवाही नहीं होती है तो हमे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## न्योता भोज में परोसा गया पौष्टिक भोजन

**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल फिंगेश्वर में विगत शनिवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनीष हरित द्वारा अपनी मां मंजू हरित के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में उनके द्वारा मध्यान भोजन में खीर–पूडी सहित पौष्टिक भोजन परोसा गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं शाला के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर एवं शिक्षकों ने उन्हे धन्यवाद दिया।



## पूर्ण आहूति पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम अमलीपदर में इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव पर श्री जगन्नाथ मंदिर द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन लगातार किया जा रहा है 11 जुलाई से विराट सोलहपहरी नाम महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश सहित ओडिशा के संकीर्तन मंडली आमंत्रित किए गए। संकीर्तन मंडली द्वारा श्री महाप्रभु का नाम संकीर्तन लगातार सोलह पहर निरंतर सुमधुर नाम उच्चारण नृत्य मृदंग के साथ ताल से ताल मिलाकर के श्री गुंडीचा मंदिर पर प्रभु जगन्नाथ जी के समक्ष जाप किया गया। रविवार को सुबह 10 बजे पूर्ण आहूति के साथ ही



विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रध्दालु व क्षेत्रवासी शामिल हुए। रथयात्रा महोत्सव पर मंदिर मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडेय ने बताया कि इस कलियुग में तरण तारण हेतु केवल नाम का चिंतन मनन और जाप आवश्यक है तभी जीव भवसागर से पार हो सकता है। अमलीपदर श्री गुंडिचा यज्ञ वेदी पर नाम संकीर्तन को देखने हेतु आसपास सहित उड़ीसा अंचल से भी श्रद्धालु यहां उपस्थित हुए। सोलह पहरी में आमंत्रित संकीर्तन मंडली अमलीपदर जय मां भवानी संकीर्तन मंडली, शिव शक्ति संकीर्तन मंडली, दाबरीगुडा. संकीर्तन मंडली, तेतेलखुटी बालिका संकीर्तन मंडली, उड़ीसा चकामाल संकीर्तन मंडली, पानी गांव संकीर्तन मंडली, इंदागांव संकीर्तन मंडली, और सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध कुमारी ललिता साहु पुजारीगुणा सकीरतन मंडली द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने हेतु श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

**बिजली स्कूल में स्टाप डायरिया केंपेन का हुआ आयोजन**

## डायरिया से बचने दूषित पानी एवं बासी भोजन से बचे : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है जो 31 अगस्त तक पूरे 2 माह तक चलेगा। इसी के तहत डायरिया से बचाव के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में डायरिया स्टॉप कैंपेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मन निवास करती है। शरीर की नियमित रूप से साफ सफाई रखते हुए शाला परिसर को भी स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को हाथ धोने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे हाथों में अनदेखी गंदगी छिपी होती है जो किसी भी वस्तु को छूने एवं कई तरह के दैनिक कार्यों के कारण होती है। यह गंदगी बगैर हाथ धोए खाद्य एवं पेय पदार्थों के सेवन से हमारे शरीर में प्रवेश कर जाती है और शरीर मे विभिन्न बीमारियों को जन्म देती है। अतः हमें हाथों को अच्छी तरह से साबुन से हाथ धोना चाहिए। उन्होंने आगे डायरिया के रोकथाम हेतु बताया कि बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया या दस्त है जिसका समय पर निदान और उपचार से बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। बरसात के मौसम में हमेशा उबला हुआ पानी पीए एवं खाने के सामान को हमेशा ढककर रखना चाहिए। दूषित पानी एवं बासी भोजन ग्रहण करने से बचना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




**छात्रों को बताया गया हाथ धोने का तरीका**

## 9वीं की 23 छात्राओं को दी गई साइकिल



**छूईहा बेलर।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं की 23 बालिकाओं को साइकिल दी गई। शाला प्रबंध एंव विकास समिति, पालक, स्कूल स्टाप, छात्रों ने मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधारोपण किया। शाला प्रबंध एवं विकास समिति नवनियुक्त अध्यक्ष जनक साहू ने कहा कि साइकिल वितरण से बालिकाएं अब आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता व उत्साह के साथ स्कूल आना- जाना करेंगी। रामाधार साहू ने कहा की बालिका शिक्षा व बेटियों को प्रोत्साहित करना है सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, अध्यक्ष जनक साहू, प्रचार्य मेघा ठाकरे, जयप्रकाश वर्मा, गुलशन नंदा, हेमतला साहू, नीतू यादव, हेमंत गायकवाड़, आशुतोष कुर्रे, प्रतिमा चंद्राकर, परागा बारले, सुनंदा आसनी, रामू साहू, चन्द्रिका साहू, पालकगण, शिक्षकगण उपस्थित थे।